# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

*Email: registrar@durguniversity.ac.in* *Website: www.durguniversity.ac.in* *Phone 0788-2359100*


क्र. 1858 /कुलसचिव कार्या./2024 दुर्ग, दिनांक : 22/03/2024

## //सूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त शोध केन्द्रों को सूचित किया जाता है कि पीएचडी हेतु प्रत्येक शोध केन्द्र में दिनांक 22 मार्च से 05 अप्रैल तक आयोजित होने वाली रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक अगामी आदेश तक स्थगित करने संबधी सूचना कमांक 2846/शोध/2024 विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 21.03.2024 को जारी की गई थी। इस संबंध में शोधार्थियों तथा शोध निर्देशकों के प्रतिनिधि मंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन से भेंट कर यह निवेदन किया कि कुछ शोध निर्देशकों की सेवा निवृत्ति की आयु की तिथि में तीन वर्ष शेष बचने की अवधि निकट है तथा यूजीसी के नियमानुसार वें शोध निर्देशक के रूप में नये शोधार्थियों का पंजीयन नहीं करा सकेंगे। इसी प्रकार जे.आर.एफ. छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता रखने वाले शोधार्थियों की उक्त परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात् 02 वर्ष की अवधि भी समाप्त हो रही है। इसी कारण यें छात्र जे.आर.एफ. छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेंगे। उक्त समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति ने अधिकारियों की बैठक में छात्रहित में यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय द्वारा **14 मार्च 2024 को जारी सूचना के अनुसार प्रत्येक शोधकेन्द्र में रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक द्वारा 22 मार्च से 05 अप्रैल के मध्य प्रवेश प्रकिया संपादित की जा सकती है तथा जो शोधार्थी लोकसभा चुनाव अथवा अन्य कारणों से उक्त अवधि में पीएचडी में प्रवेश नहीं ले पायेंगे उनके लिए शोधकेन्द्र में आर.ए.सी. की बैठक चुनाव आचार सहिता समाप्ति के पश्चात् आयोजित होंगी जिसकी सूचना विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से जारी की जायेगी।**

(हस्ताक्षर)
कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग
दुर्ग, दिनांक 22/03/2024

पृ.क्र. 1859/2024
प्रतिलिपि:–

1. माननीय कुलपति महोदया एवं कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
2. कार्यालय फाईल।

(हस्ताक्षर)
प्रभारी पीएचडी प्रकोष्ठ
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग